卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 44 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦20 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केदारनाथ सीट पर उपचुनाव के लिए हुआ शांतिपूर्ण मतदान

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सुबह मतदान धीमी गति से हुआ। दोपहर तक मतदान में तेजी आई और लोगों में उत्साह देखा गया। बता दें शैला रानी के निधन के पश्चात खाली हुई केदारनाथ सीट पर उपचुनाव हो रहा है। आज सुबह आठ बजे से विधानसभा में मतदान शुरू हुआ। उपचुनाव में छह प्रत्याशी मैदान में है। जिसमें भाजपा आशा नौटियाल, कांग्रेस मनोज रावत, उक्रांद आशुतोष भंडारी, पीपीआई (डेमोक्रेटिक)प्रदीप रोशन रूडिया, निर्दलीय त्रिभुवन चौहान व कैप्टेन आरपी सिंह चुनाव मैदान में है। इस सीट पर कुल 90875 पंजीकृत है, जिसमें मतदाता 44919 पुरूष, 45956 मतदाता, 2949 सर्विस मतदाता, 1092 दिव्यांग मतदाता शामिल है। मतदान के लिए 173 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। विधानसभा में सुबह मतदान में सुस्ती नजर आयी। सुबह नौ बजे तक मात्र 4.30 प्रतिशत मदान हुआ था। 11 बजे तक मतदान में तेजी आई और बूथों पर भीड़ नजर आने लगी। मतदाताओं में उत्साह नजर अया। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत और (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में गोली लगने से युवक की मौत

रुड़की(उद संवाददाता)। निकटवर्ती मुकर्रबपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। युवक का शव घर के कमरे में पड़ा मिला है। शव के समीप ही एक तमंचा भी पड़ा मिला है। मामले में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार कलियर थाना क्षेत्र के मुकर्रबपुर गांव में 30 वर्षीय अफजाल पुत्र तूफैल अपने परिवार के साथ रहता था। रात को खाना खाने के बाद वह अपने घर के एक कमरे में सोने के लिए चला गया। उसकी पत्नी दूसरे कमरे में थी। देर रात अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी कमरे में गई तो अफजाल का लहुलुहान शव देखकर उसके होश उड़ गये। (शेष पृष्ठ सात पर)



## लाखों की चोरी का खुलासा,दो शातिर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लाखों की चोरी का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासाक रते हुए चोरी हुए जेवर और अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के बहुमूल्य जेवरात, घरेलू सामान, गैस सिलेंडर और नगदी चोरी कर ली थी। किया गया। पुलिस टीम ने गहन जांच और सटीक छानबीन करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोरों गौरव





सामान सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक काठगोदाम थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 37, दमुवाढूंगा में 16 नवंबर को किशन राम के घर में तहरीर के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया गया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी-मलूना चौफुला दमुआढूँगॉ और बबलू आर्या पुत्र स्व0 जगदीश आर्या निवासी मलूना चौफुला दमुआढुंगा (शेष पृष्ठ सात पर)

## तोहीद बेग ने सिडकुल चौकी में किया आत्म समर्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ओमेक्स निवासी छात्र की पिटाई कर उसे अगवा करने के प्रयास के मुख्य आरोपी तोहीद बेग ने बुधवार को नाटकीय ढंग से सिडकुल चौकी में आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बता दें ओमेक्स कालोनी निवासी 17 वर्षीय माधव पुत्र राजेश चावला बीते दिनों सहपाठियों के साथ ट्यूशन पढ़कर लौट रहा था। इसी बीच कार सवार युवकों ने उसकी पिटाई कर उसे अगवा करने का प्रयास किया था। शोर होने पर लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए थे। मामले की एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हुई थी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पीड़ित माधव के चाचा विनोद कुमार चावाला की तहरीर पर पुलिस ने तौहीद बेग और उसके साथियों के खिलाफ अपहरण का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला रसूखदार परिवार से जुड़ा होने के चलते पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस की विवेचना में इस मामले में भूरारानी निवासी विवेक खेड़ा, राघव खेड़ा,आर्यन शर्मा के नाम भी प्रकाश में आए थे। तोहीद बेग की गिरफ्तारी के लिए उसके घर सहित कई स्थानों पर दबिश दी लेकिन वह हाथ नहीं आया। उसके कोर्ट में आत्म समर्पण की संभावना के चलते मंगलवार को कोर्ट परिसर के आसपास भी पुलिस मुस्तैद रही। वहीं पुलिस ने तौहीद बेग (शेष पृष्ठ सात पर)



## कार खाई में गिरने से दंपत्ति सहित पांच घायल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। मंगलवार देर शाम नैनीताल- हल्द्वानी मार्ग पर ज्योलीकोट के पास एक कार के खाई में गिरने से दंपत्ति सहित पांच लोग घायल हो गये। घायलों को चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घायल सभी लोग किच्छा के रहने वाले हैं जो कैंची धाम मंदिर में दर्शन करके किच्छा वापस लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार किच्छा निवासी राजेश मंगलवार देर शाम अपनी कार संख्या संख्या यूके 04एन 1626 पर अपनी पत्नी, बेटा, बहू और उनकी 14 साल की बेटी के साथ कैंची धाम से वापस लौट रहे थे। तभी हल्द्वानी रोड पर ज्योलीकोट के नंबर एक बैंड के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार को खाई में गिरता देख राहगीरों के (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रदर्शन करने आये व्यापारियों को एमएनए ने फिर पिलाई आश्वासनों की चाय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगभग दो वर्ष पूर्व रामनगर में आयोजित जी 20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा यहां रोडवेज के सामने राम मनोहर लोहिया व नेहरू मार्केट के उजाड़े गये व्यापारियों ने आज नगर निगम कार्यालय में नारेबाजी कर पुर्नवास की मांग की। जिसके बाद एमएनए से हुई वार्ता में एमएनए नरेश दुर्गापाल ने बड़ी चतुराई से व्यापारियों को एक बार फिर आश्वासनों की चाय पिलाकर उन्हें विदा किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे वेंड़िंग जोन में दुकान आवंटित करने की प्रक्रिया गठित कमेटी द्वारा शीघ्र प्रारम्भ की जा रही है। जिसमें प्रथम चरण में लोहिया मार्केट के व्यापारियों को लाटरी सिस्टम द्वारा वेंड़िंग जोन में निर्मित दुकानें आवंटित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि अभी दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य पूरा होते ही व्यापारियों को दुकानें दे दी जायेंगी। श्री दुर्गापाल ने बताया कि जो व्यापारी दुकान पाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि नगर निगम शीघ्र (शेष पृष्ठ सात पर)





## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूतबंगला बस्ती में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी।घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक अपने पीछे वृद्ध माता पिता ओर दो बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूतबंगला वार्ड 21 निवासी 22 वर्षीय विशाल पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

**शोक समाचार/पीपलपानी**



अत्यन्त दुखित हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **श्री राजेन्द्र कुमार सिंह जी** का स्वर्गवास दिनांक 10 नबम्वर 2024 को हो गया था। उनकी आत्मिक शान्ति हेतु **पीपल पानी दिनांक 21 नवंबर 2024 दिन बृहस्पतिवार** दोपहरः 1बजे राज इम्बेसी, गंगापुर रोड, रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

भगवती देवी (माँ) खष्टी देवी (पत्नी)
रविंद प्रताप सिंह (पुत्र) विरेन्द प्रताप सिंह (पुत्र)
हरीश चंद (भाई) दिनेश चंद (भाई)
एवं समस्त परिवार,मो. 9958564414 सुरेश गौरी (भाई) पार्षद वार्ड नं.1

**भारत पैथ लैब**

20, कल्याणी व्यू, केशव मार्ग, श्याम टॉकीज रोड,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
फोनः 9412088229 ईमेलः bharatpathlab123@gmail.com

**आवश्यकता है**

भारत विकास परिषद रूद्रपुर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब हेतु निम्न पदों पर योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पुरुष/महिला की आवश्यकता है:-

| क्र.सं. | पद | शैक्षिक योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रिसेप्सनिस्ट/एकाउंटेंट | Bcom./Bsc | 1 |
| | | कम्प्यूटर में कुशलता आवश्यक | |

इच्छुक अभ्यर्थी स्व.हस्तलिखित प्रार्थना पत्र, विस्तृत टंकित बायो-डाटा एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियों सहित 23 नवम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे लैब कार्यालय में मिले।

# सेना की भर्ती में पहुंचने के लिए मची होड़, हजारों युवा पिथौरागढ़ पहुंचे

## बिहार के दानापुर में 26 नवंबर से एक दिसंबर तक भर्ती बढ़ने का ऐलान

टनकपुर/पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में प्रादेशिक सेना की भर्ती में शामिल होने के लिए मंगलवार को भी यूपी से पांच हजार से अधिक युवा पहुंचे। इससे नगर में अफरातफरी का माहौल रहा। युवाओं ने पिथौरागढ़ जाने वाले ट्रक, टैक्सी और बस किसी को भी नहीं छोड़ा। पीलीभीत चुंगी से पांच किमी दूर बस्तिया तक उनका राज रहा। युवा सुबह से वाहनों को रोककर उनमें चढ़ते रहे। पांच रोडवेज बसों के पीछे के शीशे तोड़कर युवा उनमें घुसे। दोपहर में प्रशासन ने मुनादी कराकर भर्ती बिहार के दानापुर में 26 नवंबर से एक दिसंबर तक बढ़ने और उसमें यूपी के युवाओं को शामिल होने का मौका मिलने की बात कही। पिछले चार दिन से पिथौरागढ़ में हो रही सेना भर्ती में मध्य प्रदेश, बिहार, यूपी के युवा टनकपुर से होकर जा रहे हैं। इनमें ट्रेन से आने वाले युवा टनकपुर से टैक्सी और बसों से जा रहे हैं। ट्रेनों से सोमवार को जहां चार हजार युवा पहुंचे वहीं बस, टैक्सियां भी कम पड़ गईं और उन्हें होटल पैक होने से रेलवे स्टेशन, दुकानों के बाहर, पार्क आदि में रात बितानी पड़ी। रातभर पुलिस और प्रशासन को भी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार सुबह बस्तिया के पास तक करीब पांच किमी हाईवे तक युवाओं की भीड़ दिखी और रोडवेज स्टेशन में बस आते ही वह उसमें टूट पड़े। नगर में जगह-जगह जाम लगता रहा। एसडीएम आकाश जोशी, एआरटीओ नरेंद्र गौतम दूसरे दिन भी सड़कों पर उतर कर बस और वाहनों की व्यवस्था में जुटे रहे। प्रभारी कोतवाल सुरेंद्र गौतम पुलिस टीम के साथ जगह-जगह लगते जाम को खुलवाने में जुटे। एआरटीओ गौतम ने बताया कि पिथौरागढ़ और टनकपुर डिपो की दो-दो बसों के पीछे के शीशे तोड़कर युवा घुसे। इसमें ककराली गेट पर तीन और रोडवेज स्टेशन में एक बस के शीशे तोड़े गए। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि सुबह पांच बजे रोडवेज स्टेशन के पास युवाओं ने जाम लगा दिया। उन्हें बमुश्किल शांत किया। ककराली गेट, पीलीभीत चुंगी, पिथौरागढ़ चुंगी में युवाओं का ही बोलबाला रहा। पुलिस जाम खोलने के लिए तैनात रही। ट्रक, बस आते ही टूट पड़ने से अफरातफरी मचती रही। इस बीच खासी संख्या में युवा ट्रेन से लौटते भी नजर आए।





# कार की टक्कर से बाईक सवार की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया में लगने वाले हाट बाजार से सब्जी लेकर जा रहे बाइक सवार की तेज रफ्तार कार से टक्कर होने पर घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर ले जाते गन्ना तोल केंद्र के पास पहुंचा तो मिलक खानम की तरफ से गदरपुर को आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल होकर सड़क किनारे गिर गए, राहगीरों द्वारा उसे कार का टायर फटने पर वह रिम पर ही कार दौड़ाते हुए फरार हो रहा था। सिनेमा रोड के पास लोगों द्वारा द्वारा उसे पीछा करते हुए पकड़ लिया गया वहीं पुलिस ने दो कार सवारों को हिरासत में लिया है।




हुए उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेवक्ता निवासी 46 वर्षीय कश्मीर चंद मंगलवार बाजार सकैनिया से सब्जी लेकर अपने घर ग्राम बेवक्ता थाना मिलक खानम रामपुर जा रहा था। शाम करीब 7 बजे के आस-पास जब वह पीएचसी सकैनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुंचाया गया। गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों की सलाह पर उसे रुद्रपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया परंतु रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इधर कार चालक ने कार संख्या यूके 18 बी 5017 कार दौड़ा कर भागने का प्रयास किया परंतु मजरा शीला के पास इधर पुलिस ने मृतक कश्मीर चंद के शव को पोस्टमार्टम हेतु रुद्रपुर जिला अस्पताल भिजवाया। स्वर्गीय कश्मीर चंद कंबोज पुत्र कुंदन राम निवासी ग्राम बेवक्ता दूध का व्यवसाय करता था। वह अपने पीछे पत्नी श्यामो देवी और दो बेटों के परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# किसानों को घटिया बीज बेचने पर दो सीड स्टोर का लाइसेंस निलंबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किसानों को उड़द के घटिया बीज बेचने के मामले में मुख्य कृषि अधिकारी ने दो बीज स्टोर के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इसके साथ ही गदरपुर में एक बीज स्टोर के खिलाफ केस दर्ज कराया जा चुका है। डीएम ने दोनों बीज स्टोरों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। दरअसल, गदरपुर के किसानों ने बाजार से उड़द के पीयू 31 के बीज खरीदकर सौ एकड़ से अधिक भूमि पर बोए थे लेकिन बुआई के 70 दिन बाद भी उड़द की फसल में फल और फली ही नहीं आई थी। मुख्य कृषि अधिकारी ने पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों का भ्रमण प्रभावित क्षेत्रों में कराया था। वैज्ञानिकों ने खेतों में लगी फसल पीयू 31 प्रजाति की होने से इन्कार कर दिया था। किसानों ने 26 अक्तूबर को कलेक्ट्रेट में खराब फसल के साथ धरना दिया था। मुख्य कृषि अधिकारी ने मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया था। उन्होंने पोपली सीड एडं फीड स्टोर गदरपुर को नोटिस जारी किया था। नोटिस के जवाब में किसानों को उड़द के बीज नहीं बेचने की बात कही गई थी। जांच में पाया गया कि किसानों ने पोपली सीड को बीज की एवज में ऑनलाइन भुगतान किया था। वहीं रामपुर के किसानों ने बाजपुर के गणपती सीड्स से पीयू 31 बीज खरीदने और फली नहीं आने की शिकायत की थी और जिला कृषि अधिकारी रामपुर ने मुख्य कृषि अधिकारी को पत्र भेजा था। गणपती सीड्स ने किच्छा से बीज खरीदने की बात कही थी। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना के अनुसार एसएसपी को दोनों बीज स्टोर पर किसानों से धोखाधड़ी करने का केस दर्ज करने का पत्र भेजा गया था। इसमें डीएम की संस्तुति का पत्र, प्रभावित किसानों की सूची, भुगतान का विवरण, किसान की ओर से दिया गया शपथ पत्र भी संलग्न किया गया था। गदरपुर में पोपली सीड पर केस दर्ज हो चुका है। पोपली और गणपती सीड्स का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

# बस ने स्कूटी सवार फोटोग्राफर को रौंदा, मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय एवं आस पास के क्षेत्रों में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना हो रहे सड़क हादसों में पिछले कुछ दिनों में ही कई लोगों की मौत हो चुकी है वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। परंतु शासन प्रशासन इससे कोई सबक नहीं ले रहा है। सड़क हादसों के क्रम में गत रात्रि में पंतनगर बड़ी मार्केट से स्टूडियो बंद कर घर आ रहे फोटोग्राफर युवक की मटकोटा ब्रिज के पास अनियंत्रित बस ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसका पता चलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा रूद्रपुर निवासी निखिल गुप्ता पुत्र घनश्याम गुप्ता का पंत विश्वविद्यालय की बड़ी मार्केट में केबी स्टूडियो नाम से प्रतिष्ठान है। बताया जाता है कि 38 वर्षीय निखिल गुप्ता अपनी दुकान बंद कर अपने घर स्कूटी से जा रहे थे। जैसे ही



वह मटकोटा मोड पर ब्रिज के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही अनियंत्रित बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे निखिल सड़क पर गिरकर दूर तक घसीटता चला गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उनके सिर पर गहरी चोट आई। वहां से गुजर रहे लोगों ने निखिल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन चिकित्सालय पहुंचे जहां निखिल का शव देख उनमें कोहराम मच गया। निखिल के परिवार में मां, पत्नी सहित एक बेटी है। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने स्कूटी कब्जे में ले ली। जिला अस्पताल में मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। गौरतलब हो कि मृतक निखिल गुप्ता के बड़े भाई अजय गुप्ता को गत दिनों पुलिस ने काशीपुर निवासी सेवानिवृत शिक्षक को हनी ट्रैप में फंसाकर 3.65 लाख रुपए वसूलने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# नंदा गौरा योजना में 765 लाभार्थियों ने किया आवेदन

## पात्रों को योजना का लाभ देने के सीडीपीओ जनौटी ने दिए निर्देश

सितारगंज(उद संवाददाता)। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए नंदा गौरा योजना में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। अब तक छह माह की कन्या शिशु और 12वीं उत्तीर्ण 765 बालिकाएं ऑनलाइन आवेदन कर चुकी हैं। नगरीय क्षेत्र की लाभार्थी बालिकाओं के लिए सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना वाले बिंदु पर बाल विकास विभाग ने शासनादेश के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत कर आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनौटी ने बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों को नंदा गौरा योजना के तहत शासनादेश के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 765 नंदा गौरा योजना के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। जिनमें 405 12वीं उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं के हैं, और 360 छह माह तक के नवजात शिशुओं के परिजनों ने दर्ज कराए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना ब्लाक से निर्गत की जाती हैं। जबकि शासनादेश के अनुसार सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना वाले बिंदु पर उपलब्धता के आधार पर छूट प्रदान की गई हैं। इसके उपलक्ष्य में नगरीय क्षेत्र में आने वाली बालिकाओं के लिए सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना एसईसीसी का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य नहीं हैं। इसके स्थान पर लाभार्थी शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए विभाग तरफ से संभव सहायता उपलब्ध करा रहा हैं।

# डीएम ने पेयजल योजना का किया निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सैजना में 283.07 लाख की लागत से निर्मित सैजना ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने पम्प हाऊस का निरीक्षण करते हुए पाईप लाईन लीकेज होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने लीकेज को तत्काल ठीक करने के निर्देश अधिसाशी अभियंता पेयजल निगम को दिए। उन्होंने कहा कि



जल कर वसूली हेतु खाता खुलवाए और कलेक्शन भी करें जिससे कि जल आपूर्ति बेहतर तरिके से हो सके। उन्होंने अधिसाशी अभियंता पेयजल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्रीय पेयजल विभाग के सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाईल नम्बरों की सूची सूचना पट पर अंकित करें ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की पेयजल की समस्या होने पर सम्बंधित अधिकारी से सम्पर्क कर सकें। उन्होंने अधिसाशी अभियंता को निर्देश दिए कि पम्प हाऊस में पम्प ऑपरेटर के लिए शौचालय आदि बनवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी श्री सिंह ने ग्रामीणों से पेयजल आपूर्ति के बारे में जानकारी ली।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अधिसाशी अभियंता सुनील जोशी, सहायक अभियंता सुधीर कुमार, कनिष्ठ अभियंता अमित नौटियाल सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।


## बेदखली सूचना

मेरे द्वारा अपनी पुत्री लक्ष्मी विश्वास को उसके गलत आचरण की वजह से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिए हैं। लक्ष्मी विश्वास मेरे परिवार के साथ निवास नहीं करती है। लक्ष्मी विश्वास का मेरे जीवन काल में या मेरे जीवन काल के उपरांत भविष्य में मेरी किसी चल अचल संपत्ति में कोई हक, अधिकार एवं वास्ता सरकार नहीं होगा। लक्ष्मी विश्वास अपने समस्त लेन देन एवं अपने हर अच्छे बुरे कार्य की स्वयं जिम्मेदार होगी जिससे मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता नहीं होगा।

काली पद विश्वास पुत्र श्री गुरू पद विश्वास निवासी-वार्ड नं. 3, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


# युवक पर जानलेवा हमले के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद सवाददातां)। एक पखवाड़ा पूर्व एक युवक पर लोहे की सरियों व डंड़ों से जानलेवा हमला करने के चार आरोपियों को पुलिस ने हमले में प्रयुक्त सरिया व डंड़ों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 2 नवम्बर को रात्रि मे लकडी के डण्डे व लोहे का सरिया लेकर एक राय होकर युवकों ने पवन मजूमदार के साथ मारपीट कर गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में रपट दर्ज करा दी गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे मामले मे वांछित अभियुक्त स्वदेश कुमार सिहं उर्फ बन्टी ठाकुर पुत्र ऋषिपाल सिहं निवासी ग्राम सैजनी, विवेक सिहं उर्फ अंकित ठाकुर पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रताप सिहं निवासी उपरोक्त, मनप्रीत सिंह पुत्र अमरीक सिहं निवासी ग्राम सैजना व सुशील ठाकुर पुत्र उत्तम सिहं निवासी शिमला पिस्तौर को मुखबीर की सूचना पर झकझोर फार्म की तरफ मजार के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि पवन मजूमदार से उनकी पहले से रंजिश चल रही थी। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक लोहे की सरिया व 3 लकडी के डण्डे बरामद किए ।पुलिस ने बताया कि स्वदेश कुमार सिहं उर्फ बन्टी ठाकुर पर पूर्व में भी आपराधिक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूडी, वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन बुधानी, उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी बगवाडा, उप निरीक्षक मोहन चन्द्र जोशी, कांस्टेबल ललित मोहन, दिलीप कुमार व गणेश गिरी शामिल हैं।

# गैरसैंण के सारकोट गांव पहुंचे सीएम धामी

## महिला मंगल दल और समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग के लिए मशीनें देने एवं सड़क निर्माण की घोषणा

भराड़ीसैण(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण के दौरान मंगलवार को उत्तराखण्ड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के सारकोट गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के सारकोट पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव में पहुंचकर कोट भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सारकोट गांव पहुंच कर मुख्यमंत्री ने शहीद वासुदेव सिंह के घर पर जाकर परिजनों से भी मुलाकात की। वहीं, कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सारकोट महिला मंगल दल को सांस्कृतिक सामग्री व अन्य सामान खरीदने के लिए एक लाख की धनराशि का चेक सौंपा। सारकोट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के सभी गांवों को आदर्श ग्राम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से गांवों को मजबूत करने और पलायन रोकने के प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से जहां स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए राज्य में कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने के साथ ही पारदर्शी भर्ती परीक्षा की प्रणाली को विकसित किया गया है। नकल विरोधी कानून के लागू होने के बाद वर्तमान तक 100 से अधिक नकल करवाने वाले लोगों को जेल में डाला गया है। जिसका प्रतिफल है कि वर्तमान तक 18,500 युवा विभिन्न सरकारी सेवाओं में रोजगार पाकर राज्य के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए जहां प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश पर श्री बदरीनाथ धाम को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही बदरीनाथ धाम दिव्य और भव्य रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गौचर हवाई पट्टी से हवाई जहाजों का संचालन करने को लेकर भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही चौखुटिया में भी हवाई पट्टी निर्माण की संभावनाओं को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में लोगों की बाहरी क्षेत्रों तक आवाजाही सुगम हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही चमोली जनपद के लोगों को कर्णप्रयाग से रेल की भी सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के विकास और संरक्षण के लिए जल्द सख्त भू-कानून लाने का काम कर रही है। जिससे राज्यवासियों के अधिकारों का संरक्षण किया जा सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण-सारकोट सड़क के डामरीकरण, सारकोट को आदर्श ग्राम बनाने, महिला मंगल दल व स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग के लिए मशीनें उपलब्ध कराने और भराड़ीसैंण-सारकोट सड़क का नाम शहीद वासुदेव सिंह के नाम पर करने की घोषणा भी की। जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा से गांव के कोट भैरव मंदिर का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के मौके पर स्थानीय महिलाओं की ओर से झुमैलो नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी झुमैलो नृत्य में प्रतिभाग किया। इस मौके पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, ग्राम प्रधान सुमति देवी, जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार सहित अन्य अधिकारी, जन प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।





# जन समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

## जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने तहसील दिवस में नौ शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण, स्थानीय उत्पाद खरीदे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने मंगलवार को ए0पी0जे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित तहसील दिवस में सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निधारित समय में करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में बिजली, सड़क, जल भराव, भूमि विनियमितीकरण, अतिक्रमण, स्वामित्व योजना, नाली निर्माण आदि से सम्बन्धित 17 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में मुख्य रूप से बिजली, सड़क, जल भराव, भूमि विनियमिती करण, अतिक्रमण, स्वामित्व योजना, नाली निर्माण आदि सम्बन्धित समस्याऐं उठाई गयी। ग्राम मटकोटा के ग्रामवासियों द्वारा विद्युत विभाग से पोलों पर तार लगवाने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग को क्षेत्र में निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत श्रीरामपुर, तहसील रूद्रपुर के ग्राम प्रधान ललिता विश्वास ने ग्राम लक्खीपुर में महादेव शिकारी के घर से अमृतनगर होते हुए प्रफुल्लनगर तक दो किलोमीटर मार्ग व ग्राम लक्खीपुर से ग्राम श्रीरामपुर तक डेढ़ किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण कराने एवं ग्राम अमृतनगर के प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल की 200 मीटर चारदीवारी के निर्माण का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को मार्ग के डामरीकरण एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। ग्राम धौलपुर, तहसील रूद्रपुर के करनैल सिंह ने अपनी भूमि को वर्ग-1ख से वर्ग-1क में दर्ज करने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को पत्रावली परीक्षण कर निस्तारित करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित स्थानीय उत्पादों की भी खरीदारी की। तहसील दिवस में स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, विद्युत, सहकारिता, कृषि, बाल विकास, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनता को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गयी व स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच कर दवाईयां वितरित की गई।तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, खण्ड विकास अधिकारी अशित आनन्द, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, सहायक अभियंता लोनिवि पीसी पांडे, सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।








# 'वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल' का उत्कृष्ट उदाहरण यूएस नगर

## आकांक्षी जनपद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने की जिले की उपलब्धियों की सराहना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं टेक्स्टाइल मंत्री भारत सरकार पबित्रा मार्गेरिटा की अध्यक्षता में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। उन्होंने आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद के वर्तमान आंकड़े काफी प्रभावशाली हैं और जनपद निरंतर विकास की ओर अग्रसर है, उन्होंने जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शीघ्र ही ऊधम सिंह नगर जनपद आकांक्षी जनपदों की श्रेणी से विकसित जनपदों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। बैठक से पूर्व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मार्गेरिटा पबित्रा मार्गेरिटा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री को दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, कृषि व सिंचाई, कौशल विकास तथा मूलभूत अवसंरचना के क्षेत्रों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद का समग्र स्कोर पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ा है व मार्च 2024 में जारी रैंकिंग के आधार पर 112 आकांक्षी जनपदों में ऊधम सिंह नगर 22 वीं रैंक पर है। उन्होंने बताया कि कृषि के क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की कृषि नहीं किये जाने व उसके स्थान पर मक्का व गन्ना की कृषि किए जाने हेतु कृषकों को जागरूक किया गया है, उन्होंने बताया कि जनपद में लघु सिंचाई क्षेत्र बढ़ा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में वैक्सीनेटेड पशुओं का प्रतिशत 99.78 है जो कि सर्वाधिक है। मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराते हुए विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था व आर.टी.ई के तहत शिक्षक प्रतिशतता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में 2000 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र हैं, बताया कि जनपद के 7 ब्लॉकों में 200 से अधिक मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने कौशल विकास कार्यक्रम के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सहित विभिन्न योजनाओं में किए जा रहे कार्यों से अवगता कराया व मूलभूत अवसंरचना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों को इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ने आदि कार्यों की जानकारी दी। मार्गेरिटा द्वारा बड़े व विशेष प्रोजेक्ट्स की जानकारी चाहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने उन्हें बताया कि जनपद में पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण किया जा रहा है, जिसमें 3000 मी लंबा रन-वे तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किच्छा के खुरपिया में इंडस्ट्रीयल ईस्टेट, किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर, रूद्रपुर में राज्य द्वारा मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, इसके साथ ही फॉरेंसिक युनिवर्सिटी बनाए जाने पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यूरोपियन बैंक की सहायता से काशीपुर व रूद्रपुर में ड्रैनेज, सीवेज व जल आपूर्ति परियोजना के लिए भी कार्य किया जा रहा है। जबकि श्री मार्गेरिटा द्वारा जनपद में विशेष समस्या के बारे में पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि मनरेगा की तुलना में प्रतिदिन श्रमिक वेतन अधिक है, जिससे मनरेगा के तहत कार्य कराने में व्यावहारिक समस्याएं आती है। उन्होंने बताया कि जनपद में मूंज घास से बनाये जाने वाले उत्पाद काफी आकर्षक होते हैं, इसे बढ़ावा दिए जाने हेतु दिल्ली जैसे बड़े शहरों में शोरूम उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है, जिससे लोकल फॉर ग्लोबल का ध्येय को बढ़ावा मिले।इस दौरान विश्व टॉयलेट डे पर मा. मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा द्वारा श्रीमती दीपा कांडपाल ग्राम प्रधान जवाहर नगर व श्रीमती निर्मला सिंह ग्राम प्रधान कीरतपुर रूद्रपुर को सतत स्वच्छता व स्वस्थ समाज के निर्माण में कार्य करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।बैठक में एसपी सिटी मनोज कत्याल, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी,, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना, लीड बैंक ऑफिसर एम.एस.जंगपांगी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, सिंचाई ए.एस. नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा.शि.) हरेन्द्र कुमार मिश्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





# धूमधाम से मना आरएएन स्कूल का 36वां स्थापना दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में 36वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष विंग कमांडर एच.के. राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें मनमोहक नृत्य, मधुर गीत, और नाट्य नृत्य शामिल थे। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में छात्रों ने विद्यालय के अध्यक्ष श्री एच.के. राय के संघर्षमय जीवन पर आधारित कहानी प्रस्तुत की, जिसमें उनके वायुसेना में सेवा से लेकर आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल की स्थापना और इसे एक प्रतिष्ठित शिक्षण केंद्र के रूप में स्थापित करने तक की यात्रा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति सभी उपस्थित जनों द्वारा अत्यंत सराही गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भानोट ने अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदृष्टि और प्रेरणा से हमें इस संस्थान का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। अपने संबोधन में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यह विद्यालय पूरे आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल परिवार के सदस्यों के संयुक्त प्रयास, साहस और समर्थन का परिणाम है, जिसने उन्हें सभी कठिनाइयों को पार कर विद्यालय को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद की। इस आयोजन ने सभी उपस्थितों के हृदय में प्रेरणा और गर्व का संचार किया।





# जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर महानगर कांग्रेस द्वारा विशेष श्रद्धांजलि सभा में उन्हें नमन कर किया याद किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।सभा में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन और उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। उनके दृढ़ नेतृत्व, राजनीतिक दूरदृष्टि, और राष्ट्र की प्रगति के लिए किए गए



प्रयासों को श्रद्धांजलि स्वरूप स्मरण किया गया।महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा स्व. इंदिरा गांधी ने भारत को मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। उनका त्याग और बलिदान देश के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रमाण है। उनकी जयंती हमें प्रेरित करती है कि हम भी देश के विकास और एकता के लिए कार्य करे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव हाजी सुहैल सिद्दीकी, अमित रावत, संजू उप्रेती, बबलू बिष्ट, साद अली, चन्दन भाकुनी, उदित करायत, विजय प्रताप, सोनू रौतेला, ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे और सभी ने इंदिरा गांधी जी के विचारों को आगे बढ़ाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सिक्स सिग्मा में योग शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे योग सहायक तरुण कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को योग की विभिन्न योग मुद्राएँ जैसे -सूर्य नमस्कार, चक्रासन, कोणासन के आलावा अनुलोम-विलोम, कपालभाती जैसे प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया एवं स्वास्थ सम्बन्धी विभिन्न जानकारियाँ साझा किया गया। इसी क्रम में सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले छात्रों द्वारा नजदीकी गाँव हरिदासपुर में जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमे छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जिसमे उन्होंने मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कोलेस्ट्रोल से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां ग्रामवासियों को दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशिका डा सीमा अरोरा, प्रबंधकीय सदस्य श्री वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी ललित सिंह बिष्ट, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कार्तिक हालदार, वरिष्ठ अधिकारी चन्दन सिंह राणा, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला, युवराज, अर्नंदिता सेन गुप्ता, नीतू कोरंगा, मिली मण्डल, सोमेद्र सिंह, नित्यानंद विश्वास, शिवम शर्मा, प्रियरंजन तिवारी, हिमानी सामन्त, बबिता यादव, पूजा बाल्मीकि एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाये मौजूद रहें।




# लापता बालिका को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम को किया सम्मानित

खटीमा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खटीमा चौकी प्रभारी पंकज मेहर, एसआई चंचल सिंह एवं कांस्टेबल दीपक कुमार को शॉल भेट कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व एक 12 साल की बच्ची राधा राना निवासी वार्ड नंबर 14 हनुमान मंदिर के सामने खटीमा से लापता हो गई थी पुलिस प्रशासन की सक्रियता से सर्विलांस की मदद से बालिका को खटीमा चौकी के स्टाफ द्वारा तत्परता दिखाते हुए मुंबई से बरामद किया गया। बालिका की बरामदगी पर सराहनीय कार्य के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खटीमा चौकी स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बरामद बालिका के पिता बाबूराम राणा एवं माता अंजू राणा ने भी पुलिस का आभार प्रकट किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा एवं मस्जिद कमेटी के प्रशासक कामिल खान ने कहा कि खटीमा बॉर्डर क्षेत्र है एवं यूपी की सीमा से लगता है। खटीमा कोतवाली में एक सर्विलांस यूनिट का भी गठन किया जाना चाहिए, ताकि सर्विलांस के माध्यम से विभिन्न प्रकार की घटनाओं पर रोकथाम लगाई जा सके। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर खटीमा कोतवाली के आधुनिकरण एवं सर्विलांस यूनिट स्थापित करने का आग्रह किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, भाजपा महिला नेत्री नीलू गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी अनिल गुप्ता, रितेश टंडन, मस्जिद कमेटी के प्रशासक कामिल खान, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा, विजय गुप्ता, मोनिश अंसारी, मनीष राणा, अजय यादव, राजेश बाटला, हाफिज रहमान, युवा भाजपा नेता मुन्ना आड़ती, पुष्पा सक्सेना, मनोज शाही, जगजीत सिंह मल्ली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बनाने का प्रयास निरंतर करें युवाः राज्यपाल

## श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह धूमधाम से सम्पन्न

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मंगलवार को श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित हुआ। पांचवें दीक्षांत समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति/राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर सिंह, कुमारी आंचल और रितिका बलोदी को दिया गया। वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका बर्त्वाल को स्व. नन्दन पुरोहित स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। अपने दीक्षांत भाषण में राज्यपाल ने सभी उपाधि धारकों और स्वर्ण पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान कार्य को मेहनत, लगन और पूर्ण पेशेवर तरीके से किया जाय और पांचवें संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से कहा कि वे संचार कौशल (कम्युनिकेशन स्किल) को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान युग में डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। विकास के लिए नौ संकल्प बताया। उन्होंने इन पर अमल करने और राज्य को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकानाएं देते हुए उच्च शिक्षा में किए जा रहे सुधारात्मक एवं नवाचारी कार्यों के बारे में बताया। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी सभी उपाधि






पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में 21230 स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां और 81 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। 2023 के स्नातक स्तर में सभी संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कविता रानी को श्रीदेव सुमन गोल्ड मेडल-2023 प्रदान किया गया। इतिहास, मानव विज्ञान एवं चित्रकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार स्वर्ण पदक, क्रमशः कुमारी तनु किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता और विकास के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हमेशा बड़े सपने और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करें। दूसरे संकल्प में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मनियंत्रण और अनुशासन को सदैव अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने तीसरे संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने या सफलता को पाने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करें। चौथा संकल्प, किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उस उन्होंने इन क्षेत्रों में कौशल विकसित करने और खुद को हमेशा अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर हम सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा ही कल के भारत का निर्माता है। आप अपनी योग्यता और क्षमता को 'राष्ट्र प्रथम' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में लगाएं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर किए गए नौ आग्रहों को उत्तराखण्ड के धारकों को बधाई दी और स्वरोजगार की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर कुलसचिव दिनेश चन्द्रा, परिसर निदेशक प्रो. एम. एस. रावत सहित विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपति, कार्यपरिषद एवं शैक्षिक परिषद के सदस्य गण, महाविद्यालयों/संबद्ध संस्थानों के प्राचार्य गण, विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### वैश्विक चुनौतियों का हल

दुनिया फिलहाल जिस तरह की उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, उसमें ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में हुए जी20 के सम्मेलन की अपनी अहमियत है। विश्व के प्रभावशाली देशों के शीर्ष नेतृत्वों के जुटने पर एक आम उम्मीद यह होती है कि मौजूदा विश्व में जिस तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसके संकट में तब्दील हो जाने की आशंका बन रही है, तो ऐसे में उनके हल के लिए एक ठोस निष्कर्ष सामने आए। मगर आमतौर पर होता यही है कि इस तरह की हर अंतरराष्ट्रीय बैठकों के बाद लिए गए संकल्प आने वाले वक्त में आधे-अधूरे या फिर उपेक्षित ही रह जाते हैं।सवाल है कि गंभीर समस्याओं का हल क्या अगंभीर या टालमटोल के अंदाज में निकल सकता है! इस बार ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में वैश्विक स्तर पर चुनौती के रूप खड़ी परिस्थितियों पर चर्चा जरूर हुई, घोषणापत्र में नई राह निकालने को लेकर सामूहिक रूप से उम्मीद भी जताई गई। मगर समस्याओं का समाधान करने के लिए उन पर अमल की राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। गौरतलब है कि विश्व की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेताओं ने सोमवार को जारी एक संयुक्त घोषणापत्र में भुखमरी की चुनौती से पार पाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौते की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही युद्धग्रस्त क्षेत्र गाजा में ज्यादा मदद पहुंचाने के अलावा पश्चिम एशिया के साथ-साथ यूक्रेन में भी युद्ध और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया गया। रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त बयान को जी20 के ज्यादातर सदस्यों का समर्थन मिला। मगर अंतरराष्ट्रीय हित का सवाल होने के बावजूद बयान को सर्वसम्मति नहीं मिली। इसमें भविष्य में अरबपतियों पर वैश्विक कर लगाने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मौजूदा पांच स्थायी सदस्यों से अलग विस्तार करने की मांग के साथ सुधारों की बात भी कही गई। सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या में विस्तार का सवाल भारत भी उठाता रहा है। मगर इस दिशा में अब तक सिर्फ बातें ज्यादा हुई हैं, कोई ठोस प्रगति जमीन पर उतरती नहीं दिखी।मगर यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका का जो रुख है, उसके कायम रहते हुए क्या उम्मीद की जा सकती है? वहीं रूस भी युद्ध में अपने पक्ष को सिर्फ जवाब के तौर पर देखता है। इसी तरह, इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में गाजा में कई हजार लोग मारे जा चुके हैं। मगर इजराइल के प्रति अमेरिका का नरम रुख जगजाहिर रहा है। ऐसे में सिर्फ आह्वान करने या सदिच्छा भर से युद्ध खत्म करने के हालात कैसे पैदा हो सकते हैं? यह छिपा नहीं है कि वैश्विक स्तर पर जारी संघर्षों की वजह से ही खाद्य, ईंधन और उर्वरक आदि का संकट पैदा हो रहा है और इससे सबसे ज्यादा विकासशील देश प्रभावित हैं। सम्मेलन में भारत ने यह मुद्दा जोर देकर उठाया भी। निश्चित रूप से मौजूदा विश्व में भुखमरी और युद्ध जैसे हालात विकास और उसकी सारी संभावनाओं को उल्टी दिशा की ओर मोड़ दे सकते हैं। इस लिहाज से प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देशों का इससे चिंतित होना स्वाभाविक है।

# द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद

रूद्रप्रयाग। पंचकेदारों में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज बुधवार प्रातः शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। इस अवसर पर मंदिर को सजाया गया था। कपाट बंद होने के बाद भगवान श्री मद्महेश्वर जी की उत्सव डोली तथा देव निशानों ने स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल-दमाऊ सहित बाबा मद्महेश्वर के जयघोष के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर 250 से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर अपने संदेश में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष श्री अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। बीकेटीसी उपाध्यक्ष श्री किशोर पंवार ने श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर प्रसन्नता जताई है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी श्री विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि 18 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान मद्महेश्वर जी के दर्शन किए। कपाट बंद होने से एक दिन पहले श्री मद्महेश्वर मंदिर में यज्ञ-हवन किया गया। आज 20 नवंबर प्रातः साढ़े चार बजे मंदिर खुल गया था।प्रातःकालीन पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान मद्महेश्वर जी



के दर्शन किए।उसके बाद मंदिर के गर्भगृह में कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हुई। भगवान मद्महेश्वर जी के स्वयंभू शिवलिंग को श्रृंगार रूप से समाधि स्वरूप में ले जाया गया। शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों, फल और अक्षत से ढक दिया गया।इसके बाद पुजारी टी गंगाधर लिंग जी ने प्रभारी अधिकारी श्री यदुवीर पुष्पवान की उपस्थिति में शुभ मुहूर्त में मंदिर के कपाट बंद किए।हक-हकूकधारियों ने भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार को प्रस्थान किया।बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज 20 नवंबर को कपाट बंद होने के बाद भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली रात्रि विश्राम हेतु गौंडार पहुंचेंगी। 21 नवंबर को राकेश्वरी मंदिर में प्रवास तथा 22 नवंबर को गिरिया प्रवास करेगी। 23 नवंबर को गिरिया से चलकर भगवान मद्महेश्वर जी की चल विग्रह डोली अपने देव निशानों के साथ शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में विराजमान हो जाएंगी।इसी के साथ श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान मद्महेश्वर जी की शीतकालीन पूजाएं शुरू हो जाएंगी।उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर को ही मुख्य रूप से मद्महेश्वर मेला भी आयोजित होता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भगवान मद्महेश्वर जी के दर्शन हेतु पहुंचते हैं।प्रभारी अधिकारी श्री यदुवीर पुष्पवान तथा ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी श्री रमेश नेगी ने बताया कि मद्महेश्वर मेले के लिए श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को फूलों से सजाया जा रहा है। आज कपाट बंद होने के अवसर पर प्रभारी अधिकारी श्री यदुवीर पुष्पवान, पुजारी टी गंगाधर लिंग जी, मंदिर समिति कर्मी श्री दिनेश पंवार सहित गौंडार गांव के हक-हकूकधारी तथा वन विभाग के कर्मचारी एवं श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ मंदिर पहुंची आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी

ज्योतिर्मठ । विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बीते रविवार 17 नवंबर रात्रि को शीतकाल हेतु बंद होने के बाद आज प्रातः सेना के बैंड के भक्तिमय धुनों तथा बदरी विशाल के उद्घघोष के साथ आदि गुरु शंकराचार्य जी की पवित्र गद्दी आज दोपहर बाद योग बदरी पांडुकेश्वर से समारोह पूर्वक गद्दीस्थल श्री नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ मंदिर पहुंच गयी है। इस अवसर पर श्री नृसिंह



मंदिर जोशीमठ को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। इसी के साथ इस यात्रा वर्ष की श्री बदरीनाथ धाम यात्रा का समापन हो गया है। देव डोली का ग्रीफ कैंप सहित स्थान -स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत हुआ। उद्धव जी एवं कुबेर जी शीतकाल में पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे तथा बीते सोमवार 18 नवंबर को पांडुकेश्वर प्रवास के बाद आज आदि गुरू शंकराचार्य की गद्दी रावल, धर्माधिकारी वेदपाठी सहित श्रद्धालुजन श्री नृसिह मंदिर ज्योतिर्मठ पहुंच गये।

# 59212 वितरण ट्रांसफॉर्मर और 2602 फीडरों पर लगाए जा रहे स्मार्टमीटर

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड ने विद्युत वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। पिछले 5 वर्षों में यूपीसीएल ने मजबूत विद्युत वितरण प्रणाली स्थापित की है। विद्युत मांग में 10% से अधिक वृद्धि के बावजूद, परिचालन और व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए अहम कदम उठाए गए हैं। यूपीसीएल ने 2023-24 में पूरे उत्तराखण्ड में लगभग 4350 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए हैं। साथ ही, डिजिटल ऑटोमेशन को बढ़ावा देने के लिए 59212 वितरण ट्रांसफॉर्मर और 2602 फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। ये कदम बिजली की गुणवत्ता और दक्षता को बेहतर बनाने के साथ-साथ लाइन लॉस कम करने में मददगार साबित हो रहे हैं। भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत यूपीसीएल ने एटीएंडसी हानियों को कम करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2019-20 में 20.44% थी, जिसे घटाकर 2023-24 में 14.54% कर दिया गया। इस सुधार से राजस्व बढ़ा है, तकनीकी दक्षता में सुधार हुआ है, और उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मिल रही है।उत्तराखण्ड में यूपीसीएल ने न केवल नई लाइनों और उपस्टेशनों का निर्माण किया है, बल्कि स्काडा और आरटी-हैस जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम भी लागू किया है। यह न केवल बिजली वितरण को डिजिटल बना रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा भी सुनिश्चित कर रहा है। यूपीसीएल द्वारा वित्तीय स्थिरता और मांग-आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के प्रयास सराहनीय हैं। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा एटीएंडसी हानियों में 5.8% की कमी लाई गई है। इन प्रयासों से ऊर्जा क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है और राज्य के उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा है।

# हाईस्कूल व इंटर के 26 मेधावी छात्र हुए सम्मानित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कालेज मंडल सेरा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल व इंटर के 26 मेधावी छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल में नीतीश कंडवाल,मोहित कांडपाल, कमलेश चौबे, भूमिका कोश्यारी,रितेश कांडपाल, स्नेहा,हिमांशु कोरंगा,शिवम सिंह,खुशी कठायत, सुमन आर्या, निखिल मांजिला, कनक पंत,शान्तनु कोहली, हिमांशु पांडेय,गहना नगरकोटी शामिल रहे। वहीं इंटरमीडिएट में मयंक जोशी, अमनगिरी, कुमकुम चौबे, नीतू आर्या, सोनी गड़िया, अश्वनी जोशी,रवीना कोरंगा,नितिन वर्मा, भावेश सिंह टंगड़िया, मोनिका दफौटी शामिल रही।जिलाधिकारी ने सभी मेधावी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अन्य बच्चों को भी निराश होने की आवश्यकता नही है। कठिन परिश्रम और अनुशासन को आत्मसात कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन व कठिन परिश्रम का कोई शॉर्टकट नही होता है। इसलिए कठिन परिश्रम और अनुशासन को अपने जीवन में उतारे। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट नंबर प्राप्त करने के साथ साथ आत्मसात अध्ययन के लिए बच्चों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि दयालुता, विन्रमता और करुणा आदर्श समाज,राष्ट्र व राज्य के लिए आवश्यक है। पूरा व्यक्तित्व का निर्माण ही शिक्षा का उद्देश्य होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पउ.प्रदेश डोमेश्वर साहू, अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के एमडी योगेश शर्मा,सह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति उत्तराखण्ड ईश्वरी दत्त जोशी,कैप्टन उत्तम सिंह टाकुली,प्रबंधक एड.कुन्दन सिंह परिहार,रणजीत भण्डारी, प्रधानाचार्य अब्बल सिंह तोपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने चौखुटिया पहुंचकर संघर्ष समिति की समस्याएं सुनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने चौखुटिया विकासखंड सभागार में पहुंचकर गेवाड़ विकास समिति एवं गोदी – खिडा – तड़गताल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने संघर्षरत लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यहां लगभग सभी विभागों के अधिकारी आए हैं, इसलिए मौके पर निस्तारित होने वाली समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा जो समस्याएं शासन स्तर की हैं उनको शीघ्र ही शासन को अग्रसारित कर उनका निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।इस दौरान जिलाधिकारी ने उक्त दोनों समितियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी मांगों पर चर्चा की। यहां उपस्थित समस्त अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कहा कि जो मांगे जनपद स्तर की हैं उनका निस्तारण जनपद स्तर पर ही किया जाए तथा शीघ्र ही लोगों की मांगों पर कार्य करें।इस दौरान समितियों द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों, सिंचाई, स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता, जल जीवन मिशन के कार्यों



की जांच समेत आदि मांगे क्षेत्र के लोगों ने रखी।इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही खनन न्यास के माध्यम से जनपद में 316 शिक्षकों की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। इस पर समस्त जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। आवारा पशुओं की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जल्द ही क्षेत्र में भूमि चयन कर गौशाला बनाए जाने की प्रक्रिया कर ली जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन की जिन योजनाओं में आरोप लगे हैं उनकी जांच कराई जाएगी । जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन लगातार जन मुद्दों को लेकर सजग एवं संवेदनशील है। सरकार की सभी योजनाएं जनता के लिए ही बनती है। उन योजनाओं का लाभ जनता को दिलाए जाने के लिए प्रशाशन कार्य कर रहा है। इस दौरान विधायक द्वाराहाट मदन बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख किरन बिष्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उपजिलाधिकारी द्वाराहाट सुनील कुमार राज, तहसीलदार तितिक्षा जोशी समेत अन्य विभागों के अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा ने वैकल्पिक मार्ग के लिए किया स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने पुन: क्वारब डेंजर प्वाइंट के समाधान हेतु वैकल्पिक मार्ग के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान क्वारब के डेंजर प्वाइंट के ट्रीटमेंट के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने से लोगों को मार्ग में आवाजाही में परेशानी न हो इसके



लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु विकल्प की तलाश की गई। मौके पर सभी संबंधित अधिकारी रहे जिससे वैकल्पिक मार्ग हेतु सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा सके। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि क्वारब के डेंजर प्वाइंट के ट्रीटमेंट के लिए 18 करोड़ रुपए के कार्यों का टेंडर होने के साथ साथ वैकल्पिक मार्ग को भी स्वीकृति सरकार से मिल गई है जिसके क्रम में आज उन्होंने वैकल्पिक मार्ग के लिए संभावनाएं तलाशी। यहां उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड रानीखेत के अधिशाषी अभियंता महेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# ग्राम तेजा फौजा के शमशान घाट में किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 5 ग्राम तेजा फौजा के श्मशान घाट में सांसद निधि से कराये जा रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण में दिवंगत संत कौर एवं अन्य दिवंगत बुजुर्गों की याद में ग्रामीणों ने वृहद् पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि शमशान घाट का सौंदर्यीकरण किए जाने के साथ पौधारोपण एवं भूमि संरक्षण भी अति आवश्यक है ताकि आकस्मिक जरूरत के समय हम स्वच्छ वातावरण प्राप्त कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों द्वारा शमशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण करके संकरा कर दिया है जिसकी जांच भी अति आवश्यक है । शमशान घाट में पौधारोपण हेतु पौधे उपलब्ध करवाते हुए मीडिया कर्मी एवं समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को वृक्षों के संरक्षण एवं पालन पोषण का संकल्प



करवाते हुए कहा कि सभी का फर्ज बनता है कि हम अपने वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण भी स्वयं करें ताकि आने वाले समय में हम कई रोगों एवं बीमारियों से अपना ,अपने परिवार एवं समाज का हित कर सकें। इस मौके पर पूर्व सभासद मनोज गुम्बर, जगतार सिंह,केहर सिंह,मैहर सिंह, गुरनाम सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी अल्मोड़ा सोनू कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि खेल महाकुम्भ–2024 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय आयु वर्ग अन्डर–20 बालिका वर्ग की कबड्डी व बालीवाल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल मैदान हवालबाग एवं आयु वर्ग अन्डर– 14/17/20 बालक वर्ग की ताईक्वाण्डो, टेबल टेनिस एवं बाक्सिंग, हॉकी एवं योगासन का अन्डर–14/17/20 बालक व बालिका का ट्रायल प्रतियोगिता हेमवती नन्दन बहुगुणा स्पोर्टस स्टेडियम अल्मोड़ा किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में आयु वर्ग अन्डर–20 बालिका कबड्डी में स्याल्दे की टीम विजेता एवं चौखुटिया की टीम उपविजेता रही। बालीवाल में भिकियासैंण विजेता एवं हवालबाग उपविजेता रही। टेबल टेनिस अन्डर–17 बालक एकल में प्रथम स्थान रक्षित कोश्यारी, द्वितीय स्थान उरूज बख्श एवं तृतीय स्थान मयंक पाण्डे को मिला। अन्डर–14 बालक एकल टेबल टेनिस में



प्रथम स्थान गौरव कन्नौजिया, द्वितीय स्थान पूरब कुमार एवं तृतीय स्थान नितिन सिंह ने प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिताओं में शिक्षा विभाग से धन सिंह द्यौनी, शिवदत्त जोशी, गोविन्द सिंह, पूनम बिष्ट, तुलसी बिष्ट, लता वर्मा, लता वर्मा, महेन्द्र सिंह भैसोड़ा, शोबन सिंह कनवाल एवं कुन्दन सिंह कनवाल तथा युवा कल्याण एवं प्रारद विभाग से क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी अशोक कुमार, संदीप वर्मा, विभिन्न विकासखण्डों के पीआरडी स्वयंसेवक तथा चिकित्सा विभाग एवं खेल विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक बेहड़ ने किसानों का अपमान किया: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा है कि विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं वह उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि किच्छा चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ के दौरान जो घटनाक्रम घटित हुआ वह नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया गया और ना ही उनका अपमान किया गया उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोप प्रत्यारोप पूर्ण रूप से निराधार हैं। बल्कि उन्हें सत्ता पक्ष द्वारा सम्मान स्थिति से देखा जाता है शासन प्रशासन भी उनका सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि चीनी मिल में किसी का भी कोई अपमान नहीं किया गया। पत्रकार



वार्ता मेंपूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कांग्रेस नेता एवं विधायक तिलक राज बेहड़ पर किसानों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी और गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से किच्छा चीनी मिल का आधुनिकीकरण कर इसे आत्मनिर्भर बनाया गया है। साथ ही, पेराई सत्र से पहले ही गन्ना किसानों का शत– प्रतिशत भुगतान कर दिया गया, जिससे किसानों में प्रसन्नता है। श्री शुक्ला ने कहा कि पेराई सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने अनावश्यक विवाद खड़ा कर माहौल खराब करने की कोशिश की। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री और गन्ना मंत्री के समर्थन में लगाए गए नारों को मुद्दा बनाकर विधायक बेहड़ ने जानबूझकर इस महत्वपूर्ण अवसर पर बाधा डाली, जो किसानों का अपमान है। तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने प्रेस वार्ता में दी गई धमकियों पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मैं उनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं उनके द्वारा हमेशा से ही मुझे गालियां दी गई और धमकियां दी गई । उन्होंने चीनी मिल के आधुनिकीकरण, समय पर पेराई सत्र शुरू करने और गन्ना किसानों का शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी और गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया।

## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ सीट पर ...** भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने भी लाईन में लगकर अपना वोट डाला। इस सीट पर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की प्रतिष्ठा नहीं विचारधारा भी दांव पर है। वहीं कांग्रेस की चाहत केदारनाथ में जीत के साथ 2027 के लिए एक बड़ा संदेश देने की भी है। लोस चुनाव में पांचों सीट हारने के बाद कांग्रेस के हौसले पस्त थे, लेकिन बदरीनाथ व मंगलौर विस उपचुनाव में जीत ने उम्मीदों से भर दिया। उसने मिशन केदारनाथ के लिए प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मोर्चा संभाला। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव कई मयानों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ उप चुनाव में जिस तरह से बगावत को बड़ी सूझबूझ से संभाला है, उसका पार्टी संगठन से लेकर विपक्ष के बीच भी बड़ा संदेश गया है। ऐसे में अब उप चुनाव के लिए प्रबल दावेदारी करने वाले दो चेहरे कुलदीप रावत और ऐश्वर्य रावत की भूमिका न केवल पार्टी, बल्कि उनके भविष्य को लेकर भी अहम मानी जा रही है। हॉट सीट बनी केदारनाथ विधानसभा में पिछले करीब तीन महीने से उपचुनाव की तैयारी में जुटे सियासी दलों की तैयारियों और प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लगातार 17 दिन तक किए धुआंधार प्रचार का फल किस दल की झोली में जाएगा, इसका खुलासा 23 नवंबर को मतगणना के बाद हो जाएगा। उपचुनाव में ताल ठोंक रहे छह प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। हालांकि, मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही माना जा रहा है।

**संदिग्ध हालातों में ...** पास में एक तमंचा भी पड़ा था। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। कलियर थाना पुलिस और एसपी देहात एसके सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके की जांच की साथ ही परिवार के लोगों से जानकारी ली। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए रुड़की अस्पताल स्थित मोर्चरी में भेज दिया गया।फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि दो माह पहले मृतक के छोटे भाई की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी।

**तोहीद बेग ने ...** को संरक्षण देने पर भूरारानी निवासी कशिश खेड़ा पुत्र राम किशन खेड़ा, प्रापर्टी डीलर प्रवीण खेड़ा पुत्र सुग्रीव लाल के घरों में नोटिस भी चस्पा किये थे साथ ही चेतावनी दी थी कि तौहीद की गिरफ्तारी में पुलिस को सहयोग करें।ऐसा न करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य आरोपी तौहीद बेग पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। दबाव के चलते तौहीद बेग ने बुधवार को सिडकुल चौकी में नाटकीय ढंग से आत्म समर्पण कर दिया। तौहीद सुबह करीब दस बजे निवर्तमान कांग्रेसी पार्षद मोहन खेड़ा और कुछ वकीलों के साथ सिडकुल चौकी पहुंचा और उसने आत्म समर्पण कर दिया। इस बीच तौहीद का एक बयान भी सामने आया है जिसमें उसका कहना है कि उसे झूठा फंसाया जा रहा है, उसने कहा कि बच्चों के बीच झगड़ा हो रहा था, इसी बीच वह वहां से गुजर रहे थे तो उन्होंने सिर्फ बीच बचाव किया। बता दें तोहीद बेग का नाम कुछ वर्ष पूर्व रूद्रपुर के चर्चित क्लीपिंग काण्ड में भी सामने आया था। पुलिस उससे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

**लाखों की चोरी ..** को वृद्धा आश्रम के पास चौफला से गिरफ्तार कर लिया। छानबीन में पता चला है कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और पूर्व में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इस बार वे चोरी का सामान लेकर लखनऊ भागने की फिराक में थे। दोनों के पास से दो सोने के गलोबन्द , तीन मंगलसूत्र दो नथनी , एक अंगूठी , एक जोड़ा कर्णफूल , एक नोज पिन, एक जोड़ी चांदी की पाजेब , एक घड़ी, दो गैस सिलेंडर, एक एलसीडी बरामद की गयी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक विष्ट, उप–निरीक्षक अरुण सिंह राणा ,उप निरीक्षक कृपाल सिंह , कांस्टेबल अशोक रावत,भानू प्रताप ओली और भुवन चन्द्र शामिल रहे।

**कार खाई में गिरने से ..** होश उड़ गए। राहगीरों ने आनन–फानन ने कार हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ज्योलीकोट से पुलिस की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। जहां ज्योलीकोट पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया। सभी घायलों को खाई में बाहर निकालकर सड़क तक लाया गया। जिसके बाद सभी घायलों को हल्द्वानी अस्पताल भेज दिया गया। गनीमत रही कि कार पेड़ पर जाकर रूक गई, जिससे कार और नीचे जाने से बच गयी। कार करीब 100 फीट खाई में गिर गई थी। करीब 20 मिनट तक चले रेस्क्यू अभियान में कार सवार पांचों लोगों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल भेजा गया।

**प्रदर्शन करने आये ...** ही गल्ला मंडी और इन्द्रा कालोनी में पीएसी की दीवार के साथ दुकाने बनाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुकानें पूर्ण रूप से तैयार करने में जो धनराशि खर्च होगी उसमें लगभग 33 प्रतिशत की कमी कर व्यापारियों को दी जायेगी। इतना ही नहीं दुकान आंवंटित करते समय व्यापारियों को मात्र 50 प्रतिशत धनराशि ही जमा करनी होगी जबकि शेष धनराशि 2 से 3 वर्षों में बिना ब्याज के किश्तों में जमा कराई जा सकेगी। अनेक व्यापारियों ने कहा कि उन्हें वेंडिंग जोन में नियमानुसार भूमि आवंटित कर दी जाये वह स्वयं दुकान निर्मित करा लेंगे। जिस पर श्री दुर्गापाल ने कहा कि निर्माण कार्य निगम द्वारा प्रस्तावित मानचित्र के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराकर कराया जा रहा है। एमएनए ने बड़ी चतुराई से निर्णायक वार्ता करने के मूड़ में आये आन्दोलित व्यापारियों को एक बार फिर आश्वासनों की चाय पिलाकर उन्हें विदा किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, इन्द्र जीत सिंह, हर्ष रावल, सुरेन्द्र तनेजा, आशु ग्रोवर, श्याम सुन्दर ढ़ींगरा, राजीव जोशी, रवि गंभीर, राकेश कालड़ा, प्रशांत कुमार, दीपक ढ़ींगरा, इसरार मियां, जसवीर सिंह, अजय कक्कड़, अनिल कक्कड़, हरजिन्दर सिंह, सीताराम बत्रा, अरविंद देवल, इदरीस अहमद, अमरजीत सिंह, हरीश जुनेजा, जगजीत सिंह, बलजीत सिंह, सुशील बाठला आदि व्यापारी मौजूद थे।

**संदिग्ध हालातों में ...** राकेश मेन बाजार में बर्तन की दुकान पर काम करता था। बीती रात उसने संदिग्ध हालातों में घर में फांसी लगाकर जान दे दी। उसे फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट, महेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था, पूरे परिवार की जिम्मेवारी उसके कंधों पर थी। बुजुर्ग माता पिता के साथ ही दोनों बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। आस पास के लोगों का कहना है कि विशाल मेहनती लड़का था और परिवार की जिम्मेवारी बखूबी निभा रहा था। मौके पर कोई सुसाईड नोट भी नहीं मिला है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दिल्ली के लिए बढ़ायें रोडवेज बसों की संख्या : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव परिवहन को 175 बसों की खरीद के प्रस्ताव पर शीघ्र वार्ता करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में गत दिववस सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें उत्तराखण्ड परिवहन निगम की पुराने मॉडल की डीजल बसों पर दिल्ली में लगे प्रतिबन्ध से आमजन की असुविधाओं के तत्काल समाधान को लेकर मुख्य सचिव ने यूटीसी को तत्काल शॉर्ट टर्म एक्शन प्लान पर कार्य करते हुए दिल्ली के लिए रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने, विशेषकर वीकेंड पर बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए यूपी से भी समन्वय हेतु निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव परिवहन को 175 बसों के खरीद के प्रस्ताव के निर्णय पर उचित स्तर पर आज ही वार्ता हेतु निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने निर्देश दिए हैं कि जिन 100 सीएनजी बसों की खरीद की टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं तथा 30 बसें प्राप्त हो चुकी हैं, उनका संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।



आमजन को राहत देने को लेकर मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को यूटीसी की बसों का संचालन गाजियाबाद में मोहन नगर के साथ ही कौशाम्बी तक करने के लिए उत्तर प्रदेश से बात करने के निर्देश दिए हैं। प्रदूषण नियंत्रण के मानक पूरा करने वाली बसें सीधा दिल्ली में प्रवेश करेंगी। सामान्य बसें दिल्ली सीमा मोहन नगर व कौशाम्बी तक जा सकेंगी। बैठक में उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने जानकारी दी कि दिल्ली में प्रदूषण के कारण पुराने मॉडल की डीजल बसों पर लगी रोक से पहले रोडवेज की दिल्ली रूट पर 504 बस सेवाएं प्रतिदिन संचालित होती थी , लेकिन अभी प्रदूषण नियंत्रण के मानक पूरे करने वाली 310 बसें संचालित हो रही हैं। 194 बसें प्रतिबन्धित की गई हैं। प्रतिबन्ध से पूर्व रोडवेज की बसों का लोड फैक्टर लगभग 40 प्रतिशत था जो अभी बस सेवाओं की फ्रीक्वेंसी बढ़ने से लोड फैक्टर 90 से 100 प्रतिशत हो गया है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की विशेष असुविधा नहीं हो रही है। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में भ्रामक सूचनाओं को स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, सचिव श्री बृजेश सन्त, अपर सचिव श्री आनंद श्रीवास्तव सहित परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## 180 बीएस-6 सीएनजी बसें दिल्ली मार्ग पर हो रही संचालित

देहरादून। उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने ग्रेप-4 पॉलिसी के चलते बीएस-3 और बीएस-4 बसों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाए हैं। वर्तमान में निगम के पास 180 बीएस-6 सीएनजी बसें हैं, जिन्हें दिल्ली मार्ग पर संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 12 वोल्वो बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं और उनकी री-शेड्यूलिंग कर यात्रियों को सेवाएं दी जा रही है। यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने 130 नई बीएस-6 बसें खरीदी हैं। इनमें से 77 बसें दिल्ली मार्ग पर पहले से ही संचालित हैं, जबकि शेष 53 बसें जल्द ही सेवा में लाई जाएंगी। संचालित बसों के फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं, जिससे यात्रियों को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। दिल्ली में प्रवेश न कर सकने वाली बसों को यात्रियों की सुविधानुसार मोहन नगर और कौशांबी (दिल्ली बॉर्डर) तक पहुंचाया जा रहा है। वहां से यात्रियों को दिल्ली के अंदर ले जाने के लिए डीटीसी बसों के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया है। इससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों की परेशानी को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने अपने सभी डिपो को अलर्ट मोड पर रखा है। निगम का लक्ष्य है कि उत्तराखण्ड से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इन प्रभावी कदमों के परिणामस्वरूप यात्रियों के आवागमन की स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। निगम यात्रियों को निर्बाध सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा मिल प्रबंधन: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ पर अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने कहा कि सत्ता पक्ष के दबाव में पक्षपाती रवैया को अपनाया है। पपनेजा ने कहां की



चीनी मिल प्रशासन ने सत्ता पक्ष के दबाव में केवल चहेते लोगों को ही बुलावा दिया है। आम किसान को चीनी मिल के पेराई सत्र का निमंत्रण तक नहीं दिया। पपनेजा ने कहा कि चीनी मिल प्रशासन का यह रवैया निंदनीय व बेहद शर्मनाक है। उसे किसानों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 में आम कृषकों को मिल प्रबंधन तंत्र द्वारा नहीं बुलाया गया बल्कि वहां पर उन लोगों को बुलाया गया जो कृषक हैं ही नहीं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि हर वर्ष मिल को प्रारंभ करने के दौरान गैर किसानों के लोगों द्वारा मिल में हंगामा करने का प्रयास किया जाता है जो कि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आम कृष को मिल प्रारंभ होने के दौरान बुलाया जाना चाहिए।

## डीएम से की पत्रकार उत्पीड़न की जांच की मांग

पन्तनगर(उद संवाददाता)। नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (इण्डिया) के जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर को ज्ञापन देकर पन्तनगर में विगत दिनों पत्रकार उत्पीड़न एवं समाचार पत्र की प्रतियॉ जलाने के प्रकरण की जांच कराने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया है कि पन्तनगर विश्वविद्यालय प्रशासन की अकर्मयणता के चलते अनिमितिताओं का केन्द्र बनता जा रहा है। पन्तनगर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बिना निविदा प्रक्रिया अपनाये 15 से अधिक छात्रवासो के कैफेटेरिया सिफारिसी आधार पर अपने चहेतो को आवंटित कर दिये गये हैं। जिसमें गुणवत्ताहीन भोजन छात्र-छात्राओं को परोसा जा रहा है। कुछ छात्रावासों में परोसे गये भोजन में कीड़े आदि पाये जाने पर खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर सील भी किया गया था एवं इसी प्रकार मंदाकनी छात्रावास में रंगरलिया मना रहे कैफेस्टाफ को रंगे



हाथ पकड़ा गया जिसका समाचार प्रकाशित करने पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कैफे का आवंटन रद्द कर दिया गया । इसके उपरान्त उक्त कैफे संचालक विक्रम सिंह माहौड़ी द्वारा दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सुरेन्द्र वर्मा की मानहानि एवं अपमानित तथा प्रताडित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के नगला गेट पर जाम लगाकर कथित कैफे संचालक एवं सामाजिक संस्था के स्वमम्भू अध्यक्ष विक्रम सिंह माहोड़ी द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पत्रकार सुरेन्द्र वर्मा का पुतला दहन कर समाचार पत्रों की प्रतियॉ भी जलाई गई जो एक दण्डनीय अपराध है। उक्त घटना पर विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग द्वारा पुलिस में कोई प्राथमिकी दर्ज न कराना विभाग की संलिप्ता दर्शाता है। उपरोक्त प्रकरण में समस्त छात्रावासों के कैफे का आवंटन रद्द कर टेण्डर प्रक्रिया एवं समस्त मानक पूर्ण करने वाले व्यक्ति/ संस्था को कैफे संचालन की अनुमति दी जाये। साथ ही उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय एसआईटीजांच कराकर दोशियों को दंडित करते हुऐ ब्लैक लिस्ट करते हुऐ कैम्पस आउट किया जाय। जिससे प्रताड़ित पत्रकार सुरेन्द्र वर्मा को न्याय प्राप्त हो सके। ज्ञापन का दस दिनो तक निराकरण नही होता है तो समस्त पत्रकार आन्दोलन को वाध्य होंगे। इस अवसर पर सुरेन्द्र वर्मा, असलम कोहरा, सुनील श्रीवास्तव, सौरभ गंगवार, अमन सिंह, अंगद सिंह, जमील अहमद, नरेन्द्र राठौर, महेन्दर कुमार राम प्रताप सिंह आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## पीर ए मुर्शिद अशाह गाजी मियां का गदरपुर में जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। पीर ए मुर्शिद अशाह गाजी मियां हजूर का पहली बार गदरपुर पहुंचने पर जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ उनके गदरपुर पहुंचते ही लोगों ने फूलों की बौछार करते हुए स्वागत किया गया वहीं समाजसेवी मोहम्मद आलम द्वारा भी स्वागत की भरपूर तैयारी की गई। मियां हुजूर गदरपुर आले नवी के यहां पहुंचे। मोहम्मद आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि पीर ए मुर्शिद अशाह गाजी मियां पहली बार गदरपुर आए हैं जबकि पिछले 35 वर्षों से गदरपुर में सकलेन मियां का आस्ताना है जहां हर बार पहले से सकलेन मियां आया करते थे। मोहम्मद आलम ने बताया कि सकलेन मियां को अल्लाह ताला ने वो इज्जत और शान अता की जिसमें उनकी खामोशी ने हीं पूरी दुनिया में इंकलाब पैदा कर दिया। पूरी दुनिया में उन्होंने इस्लाम व सिलसिले का परचम बुलंद किया उनकी सादगी और खुशमिजाजी से लोग इतना प्रभावित हुए कि आप पर फिदा हुए बगैर नहीं रह सके। गदरपुर आगमन पर फातिहा पीर मुर्शिद अशाह गाजी मियां ने पड़ी। गाजी मियां ने देश व कौम की सलामती के लिए



खास दुआ भी की। देश में भाईचारा अमन शांति बनी रहे इसके लिए दुआएं की। इसी क्रम में गाजी मियां का स्वागत समाजसेवी जुल्फिकार अली के निवास पर हुआ वहां भी उन्होंने देश की खुशहाली की दुआएं की। इसके बाद बस अड्डा कॉलोनी में भी गाजी मियां का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान फैजान खान,शाकिर अली,मो निजाम, खुर्शीद भाई,नासिर बाबा, सलमान अली,अकील रजा, मो फैज,हिदायत अली, नाजिर हुसैन, सिब्ते नवी,आमीरअहमद,निशबुद्दीन, मो जहांगीर ,मो हामिद बड़े चौदरी, मो फईम, यासीन अहमद, मो फईम, शरीफ अहमद, इम्तियाज,गुलाम रसुल, यूसुफ, मो रफी, वजीर अहमद, बशीर, सकलैनी सगीर हुसैन, समीर, आले अली,हामिद सकलैनी, वजाहत अली, सकलैनी, आसिम,शाहनवाज, रेहान उर्फ शेखू, उवेश,भूरा भाई,शरीफ भाई, सद्दाम हुसैन, महमूद हसन,साजिद सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।


